# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर

MALAVIYA NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY JAIPUR

राजभाषा प्रकोष्ठ ( **Hindi Cell** )

वर्ष 2025 की प्रथम बैठक

## दिनांक 27/01/2025 को सायं 5.15 बजे समिति कक्ष मे आहूत राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक समिति कक्ष, प्रथम तल, प्रभा भवन में दिनांक 27/01/2025 को सायं 5.15 बजे आहूत हुई । बैठक की अध्यक्षता मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के माननीय निदेशक महोदय प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी द्वारा की गयी । बैठक में माननीय अध्यक्ष के साथ समिति के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी, निदेशक | अध्यक्ष |
| 2 | प्रो. रोहित भाकर, कुलसचिव | सदस्य सचिव |
| 3 | प्रो. राज कुमार व्यास, समन्वयक, राजभाषा | सदस्य |
| 4 | डॉ. ऋषि तिवारी, हिन्दी अधिकारी | सदस्य |
| 5 | प्रो. कैलाश सिंह, अधिष्ठाता, शैक्षिक कल्याण | सदस्य |
| 6 | प्रो. एस. डी. भारती, विभागाध्यक्ष, जनपद अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 7 | डॉ. सुशांत उपाध्याय, विभागाध्यक्ष, रासायनिक अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 8 | डॉ. नमिता मित्तल, विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 9 | प्रो. राजेन्द्र कुमार गोयल, विभागाध्यक्ष, धातुकी एवं पदार्थ अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 10 | डॉ. प्रीति भट्ट, विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान | सदस्य |
| 11 | डॉ. सुमंत कुमार मेहर, विभागाध्यक्ष,, रसायन शास्त्र विभाग | सदस्य |
| 12 | डॉ. कमलेन्द्र अवस्थी, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 13 | डॉ. निशा वर्मा, केंद्राध्यक्ष, प्रदार्थ अनुसंधान केंद्र | सदस्य |
| 14 | डॉ. निशांत रॉय, केंद्राध्यक्ष, आपदा शमन एवं प्रबंधन | सदस्य |
| 15 | श्री राज कुमार माँजीवाल, उप कुलसचिव, प्रशासन एवं स्थापना | सदस्य |
| 16 | श्री दीपक माहेश्वरी, उप कुलसचिव, भंडार एवं क्रय | सदस्य |
| 17 | श्री राजकुमार दुबे, सहायक कुलसचिव, अंकेक्षण | सदस्य |
| 18 | सुश्री किरण राठौर, अधीक्षक | सदस्य |
| 19 | श्री विजय भट्ट, वरिष्ठ सहायक | सदस्य |
| 20 | श्री बिरेन्द्र कुमार पांडे, वरिष्ठ कार्य सहायक | सदस्य |
| 21 | श्री पवन कुमार शर्मा, अधीक्षक | सदस्य |

राज कुमार व्यास

Scanned with OKEN Scanner

अध्यक्ष महोदय ने सभी का स्वागत करते हुए राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की । माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समिति सदस्य एवं समन्वयक, राजभाषा प्रो. राज कुमार व्यास ने बैठक को आगे बढ़ाते हुए कार्यसूची के विभिन्न बिन्दुओं को चर्चा के लिए पटल पर रखा जिन पर समिति सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई । बैठक मे विस्तृत चर्चा के बाद माननीय अध्यक्ष महोदय एवं समिति सदस्यों द्वारा निम्न अनुशंसा दी गई-

| बिन्दु संख्या | कार्यसूची | अनुशंसा | अनुवर्ती कारवाई |
|---|---|---|---|
| 1. | पिछली बैठक (29/01/2025) के पश्चात हुई राजभाषा संबंधी कार्यों की प्रगति । | प्रो. राजकुमार व्यास, समन्वयक,राजभाषा द्वारा पिछली बैठक (29/01/2025) के पश्चात हुई राजभाषा संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रदान की गई । | कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं । |
| 2. | प्रस्तावित संसदीय राजभाषा समिति का निरीक्षण/दौरा । | संसदीय राजभाषा समिति की पहली उपसमिति के प्रस्तावित दौरे/निरीक्षण (फरवरी 2025) को ध्यान में रखते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी विभागाध्यक्षों, अनुभागाध्यक्षों एवं केंद्राध्यक्षों को सभी आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए । | विभागाध्यक्षों, अनुभागाध्यक्षों एवं केंद्राध्यक्षों द्वारा यथोचित कार्रवाई की गई । |
| 3. | राजभाषा से संबंधित कार्यों के लिए अनुभागों, विभागों एवं केंद्रों से अधिकृत व्यक्ति । | विभागों, अनुभागों एवं केंद्रों से अविलंब एक व्यक्ति को राजभाषा से संबंधित कार्यों के लिए अधिकृत करने के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए । | अधिकांश विभागों, अनुभागों एवं केंद्रों से संपर्क बिन्दु की जानकारी साझा की जा चुकी है, तथा शेष अध्यक्षों को अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया । |
| 4. | विभागों, अनुभागों एवं केंद्रों द्वारा भेजी जाने वाली तिमाही/छमाही रिपोर्ट । | माननीय अध्यक्ष महोदय ने सभी विभागाध्यक्षों, अनुभागाध्यक्षों एवं केंद्राध्यक्षों को तिमाही एवं छमाही रिपोर्ट समय पर आवश्यक रूप से भेजने के निर्देश दिए । | इस संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई विभागाध्यक्षों, अनुभागाध्यक्षों एवं केंद्राध्यक्षों द्वारा की जानी है। |

राज कुमार व्यास

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | नराकास बैठक के कार्यवृत पर चर्चा। | नराकास बैठक की निम्न बिंदुओं पर बैठक में चर्चा की गई –<br>1. धारा 3(3) की अनुपालना।<br>2. हिन्दी पत्रों का उत्तर अनिवार्यतः हिन्दी में दिया जाना।<br>3. मूल पत्राचार हिन्दी में किया जाना।<br>4. हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन।<br>5. नराकास की बैठकों में कार्यालय प्रमुख की सहभागिता ।<br>उक्त बिंदुओं पर उचित कार्रवाई हेतु माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी विभागाध्यक्षों, अनुभागाध्यक्षों एवं केंद्राध्यक्षों को निर्देश दिए गए । | इस संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई विभागाध्यक्षों, अनुभागाध्यक्षों एवं केंद्राध्यक्षों द्वारा की जानी है। |
| 6. | विभागों, अनुभागों एवं केंद्रों द्वारा अपने स्तर पर हिन्दी प्रशिक्षण/कार्यक्रम । | बैठक मे विभागों, अनुभागों एवं केंद्रों से चयनित कर्मचारियों/अधिकारियों को प्रारम्भिक तौर पर प्रशिक्षण दिया जाना तय हुआ । | चयनित कर्मचारियों/अधिकारियों का प्रशिक्षण/कार्यक्रम निकट समय में अपेक्षित है । |

तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समन्वयक, राजभाषा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

राज कुमार व्यास 10/3/2025

**प्रो. राज कुमार व्यास**

**समन्वयक, राजभाषा**

**डॉ ऋषि तिवारी**

**हिन्दी अधिकारी एवं पुस्तकालयाध्यक्ष**

Scanned with OKEN Scanner